बिहार विधान परिषद्

सत्र 185 वां

शोक – पुस्तिका

<u>23 फरवरी, 2017</u>
31 मार्च, 2017

श्री अवधेश नारायण सिंह
सभापति
बिहार विधान परिषद्

<u>शोक संदर्भ</u>

1. स्वर्गीय रामनंदन सिंह
2. स्वर्गीय किशोरी सिन्हा
3. स्वर्गीय सुरेन्द्र प्रसाद तरुण
4. स्वर्गीय मो. एजाजुल हक
5. स्वर्गीय प्रमोद कुमार शर्मा
6. स्वर्गीय शांति देवी
7. स्वर्गीय ओमपुरी
8. नाव दुर्घटना

स्वर्गीय रामनंदन सिंह

14 जनवरी, 2017 को बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं बिहार विधान परिषद् के पूर्व सदस्य, माननीय श्री रामनंदन सिंह का निधन हो गया। मृत्यु के समय उनकी उम्र लगभग 86 वर्ष थी।

श्री सिंह 1969 में पटना दक्षिणी निर्वाचन क्षेत्र से बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे। वे बिहार सरकार में मंत्री थे।

श्री सिंह 7 मई, 1972 से 6 मई, 1990 एवं 2 अक्तूबर, 1996 से 6 मई, 2006 तक बिहार विधान परिषद् के सदस्य थे।

श्री सिंह बिहार स्टेट डेयरी डेवलेपमेंट कॉरपोरेशन, बिहार राज्य पथ परिवहन निगम, बिहार कृषि विपणन परिषद् के अध्यक्ष थे। साहित्यिक एवं कानूनी पुस्तकों के अध्ययन में उनकी विशेष अभिरुचि थी। अपने क्षेत्र की प्रगति एवं विकास के लिए वे सदैव प्रयत्नशील रहते थे। उनके निधन से हम सबों को अपार दु:ख है।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को चिर-शांति प्रदान करें तथा शोक-संतप्त परिवार को धैर्य एवं शक्ति दें।

स्वर्गीय किशोरी सिन्हा

19 दिसंबर, 2016 को लोकसभा की पूर्व सदस्य, माननीय श्रीमती किशोरी सिन्हा का निधन हो गया। मृत्यु के समय उनकी उम्र लगभग 91 वर्ष थी।

श्रीमती सिन्हा 1980 एवं 1984 में वैशाली संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा की सदस्य निर्वाचित हुई थीं।

महिलाओं की शिक्षा एवं उनके विकास के लिए वे सदैव प्रयत्नशील रहती थीं। उन्होंने महिला महाविद्यालय की स्थापना कराई। समाज सेवा में उनकी विशेष अभिरुचि थी। उनके निधन से हम सबों को अपार दु:ख है।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को चिर-शांति प्रदान करें तथा शोक-संतप्त परिवार को धैर्य एवं शक्ति दें।

स्वर्गीय सुरेन्द्र प्रसाद तरुण

20 दिसंबर, 2016 को बिहार सरकार के पूर्व मंत्री, माननीय श्री सुरेन्द्र प्रसाद तरुण का निधन हो गया। मृत्यु के समय उनकी उम्र लगभग 88 वर्ष थी।

श्री प्रसाद 1980 में अतरी एवं 1985 में हिलसा निर्वाचन क्षेत्र से बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे। वे बिहार सरकार में मंत्री थे।

श्री प्रसाद प्रसिद्ध समाज सेवी थे। उनके प्रयास से राजगीर महोत्सव की शुरुआत हुई। पत्रकारिता क्षेत्र में भी उन्होंने महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके निधन से हम सबों को अपार दु:ख है।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को चिर-शांति प्रदान करें तथा शोक-संतप्त परिवार को धैर्य एवं शक्ति दें।

स्वर्गीय मो. एजाजुल हक

15 फरवरी, 2017 को बिहार सरकार के पूर्व मंत्री माननीय श्री मो. एजाजुल हक का निधन हो गया। मृत्यु के समय उनकी उम्र लगभग 63 वर्ष थी।

श्री मो. हक 2000 एवं मार्च, 2005 में जीरादेई निर्वाचन क्षेत्र से बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे। वे बिहार सरकार में मंत्री थे।

श्री मो. हक को साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यों में विशेष अभिरुचि थी। उनके निधन से हम सबों को अपार दु:ख है।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को चिर-शांति प्रदान करें तथा शोक-संतप्त परिवार को धैर्य एवं शक्ति दें।

स्वर्गीय प्रमोद कुमार शर्मा

10 जनवरी, 2017 को बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य, माननीय श्री प्रमोद कुमार शर्मा का निधन हो गया। मृत्यु के समय उनकी उम्र लगभग 72 वर्ष थी।

श्री शर्मा 1980 एवं 1985 में मटिहानी निर्वाचन क्षेत्र से बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे।

श्री शर्मा प्रसिद्ध समाजसेवी थे। अपने क्षेत्र की प्रगति एवं विकास के लिए वे सदैव प्रयत्नशील रहते थे। उनके निधन से हम सबों को अपार दु:ख है।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को चिर-शांति प्रदान करें तथा शोक-संतप्त परिवार को धैर्य एवं शक्ति दें।

स्वर्गीय शांति देवी

20 दिसंबर, 2016 को बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य, माननीया श्रीमती शांति देवी का निधन हो गया। मृत्यु के समय उनकी उम्र लगभग 88 वर्ष थी।

श्रीमती शांति देवी 1967 में रजौली निर्वाचन क्षेत्र से बिहार विधान सभा की सदस्य निर्वाचित हुई।

श्रीमती शांति देवी गरीबों के उत्थान के लिए सदैव प्रयत्नशील रहती थीं। उनके निधन से हम सबों को अपार दु:ख है।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को चिर-शांति प्रदान करें तथा शोक-संतप्त परिवार को धैर्य एवं शक्ति दें।

स्वर्गीय ओमपुरी

6 जनवरी, 2017 को हिन्दी सिनेमा के प्रसिद्ध अभिनेता माननीय श्री ओमपुरी का निधन हो गया। मृत्यु के समय उनकी उम्र लगभग 66 वर्ष थी।

श्री ओमपुरी ने अपने सशक्त अभिनय से दर्शकों के दिल पर अमिट छाप छोड़ी। उनकी फिल्मों में ‘आक्रोश’, ‘आरोहण’, ‘सद्गति’, ‘तमस’ आदि प्रमुख हैं।

श्री ओमपुरी को उत्कृष्ट अभिनय के लिए ‘पद्मश्री’ सहित कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। उनके निधन से हम सबों को अपार दु:ख है।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को चिर-शांति प्रदान करें तथा शोक-संतप्त परिवार को धैर्य एवं शक्ति दें।

नाव दुर्घटना

14 जनवरी, 2017 को एक नाव दुर्घटना में बीस से भी अधिक लोगों की मृत्यु हो गई। इस दुर्घटना में कई लोग घायल हो गए।

यह दुर्घटना पटना के सबलपुर दियारे में मकर संक्रांति पर आयोजित पतंगोत्सव से लौटने के क्रम में गंगा नदी में हुई। मृतकों में पुरुष, महिला एवं बच्चे भी शामिल थे।

लोगों के अकस्मात् मृत्यु से हम सभी शोकाकुल हैं।

ईश्वर दिवंगत आत्माओं को चिर-शांति प्रदान करें तथा शोक-संतप्त परिवारों को धैर्य एवं शक्ति दें।